आईआईएम रांची में मनाया गया राष्ट्रीय एकता दिवस, देश के लिए दौड़े स्टूडेंट

सिटी रिपोर्टर. रांची

आईआईएम रांची में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर रन फोर यूनिटी का आयोजन किया गया, जिसमें स्टूडेंट्स और टीचर्स ने हिस्सा लिया। इस मौके पर छात्रों ने देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने और मजबूत करने के लिए अपना योगदान देने का संकल्प लिया। साथ ही सरदार पटेल द्वारा देश के प्रति किए गए योगदानों को याद किया और उन्हें नमन किया। इस अवसर पर डायरेक्टर इंचार्ज प्रो. पीके बाला सहित विभिन्न डिपार्टमेंट के स्टूडेंट्स मौजूद रहे।

Dainik Bhaskar, 02.11. 2019, Pg. 02(supl.)